न्यायालय उपखण्ड अधिकारी गंगापुर जिला भीलवाडा
पीठासीन अधिकारी– विकास पंचोली (आर.ए.एस.)

प्रकरण संख्या :– 117/2019 (2019/00272) प्रा.पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट

अनवान

1. मांगीलाल पुत्र प्रताप मु0 हगामी वाल्दा जाट, निवासी सालेरा तहसील सहाड़ा।
2. घासीराम पुत्र प्रताप मु0 हगामी वाल्दा जाट, निवासी सालेरा तहसील सहाड़ा।

——प्रार्थीगण

बनाम

1. भूरालाल पिता छोगालाल बोहरा निवासी सालेरा तहसील सहाड़ा।
2. बरदीचन्द पुत्र सत्यनारायण पालीवाल निवासी सालेरा तहसील सहाड़ा।
3. श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी कैलाशचन्द्र बोहरा निवासी सालेरा तहसील सहाड़ा।
4. ग्राम पंचायत सालेरा जरिये सरपंच/सचिव ग्राम पंचायत सालेरा तहसील सहाड़ा।

——विपक्षीगण

:: प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 ::

निर्णय दिनांकः– 10/01/2020

:: आदेश ::

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के तहत विपक्षी के विरूद्व प्रस्तुत कर ग्राम सालेरा पटवार हल्का सालेरा तहसील सहाड़ा के बैरून हल्का आबादी मे प्रार्थी के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 1278 रकबा 0.08हे0, 1279 रकबा 0.04हे0 कुल किता 02 कुल रकबा 0.12हे0 राजस्व खाता संख्या 315 पर स्थित हैं। भूमि प्रार्थी के खातेदारी अधिकार की है जिसकी जमाबन्दी सम्वत् 2071 से 2074 संलग्न हैं। प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढी किये जाने की इस्तदुआ की।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। विपक्षीगण को विधिवत सूचना पत्र जारी किया जाकर सूचित किया गया। विपक्षीसंख्या 01 लगायत 04 बावजूद सूचना के अनुपस्थित, अतः एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिये गये। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी को सुना गया। बाद सुनवाई मैने प्रार्थना पत्र का अवलोकन कर गहन मनन किया। प्रार्थना पत्र के अवलोकन व गहन मनन के प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल0आर0एक्ट को स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 एल.आर.एक्ट स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम सालेरा पटवार हल्का सालेरा तहसील सहाड़ा के बैरून हल्का आबादी मे प्रार्थी के खातेदारी अधिकार एवं कब्जे काश्त की आराजी संख्या 1278 रकबा 0.08हे0, 1279 रकबा 0.04हे0 कुल किता 02 कुल रकबा 0.12हे0 भूमि स्थित है। भूमियों का बसामलात पक्षकारान के पत्थरगढ़ी की जाने के आदेश किये जाते हैं, **उक्त भूमि में दोनों पक्षों की उपस्थिति में किसी को बिना बेदखली एवं बिना किसी के कब्जे काश्त में दखलान्दाजी किये पत्थरगढ़ी की जावें। यदि पत्थरगढी के उपरान्त किसी का प्रतिकूल कब्जा पाया जाता हैं तो धारा 183 आर.टी.ए. के तहत वाद पेश करने के लिए पाबंद किया जावें।** प्रार्थी बतौर पत्थरगढी शुल्क राशि 450/– (चार सौ पच्चास रूपये मात्र) राजकोष में जमा करावें तथा पत्थरगढी की कमिश्नर फीस राशि राशि 450/– (चार सौ पच्चास रूपये मात्र) सम्बन्धित भु–अभिलेख निरीक्षक को मौके पर प्रार्थी ... । पालनार्थ तहसीलदार सहाड़ा मु0 गंगापुर को तहरीर जारी हो।

Signature Not Verified
Digitally signed by Vikas Pancholi
Date: 2021.01.05 16:20:11 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय आज दिनांक 10/01/2020 को ... न्यायालय में सुनाया गया।

(विकास पंचोली)
उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर (भीलवाडा)

उप खण्ड अधिकारी
गंगापुर जिला भीलवाड़ा

Scanned by CamScanner